(25)

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर

क्रमांक /वि.स./स्था./2024 रायपुर, दिनांक / /2024

//कार्यालय -आदेश//

शनिवार, दिनांक 14 दिसम्बर, 2024 से छत्तीसगढ़ विधान सभा के स्थापना का 25 वां वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है। उक्त दिवस से आगामी एक वर्ष (दिनांक 14 दिसम्बर, 2025) तक छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा "**रजत जयंती वर्ष**" के रुप में मनाया जावेगा ।

इस अवसर को चिह्नांकित करने के लिए निर्मित प्रतीक चिह्न (Logo) का उपयोग संपूर्ण रजत जयंती वर्ष में विधान सभा सचिवालय के विभिन्न प्रकाशन, डायरी, केलेण्डर, टेबल केलेण्डर, टेबल बुक, वेबसाइट, शासकीय पत्राचार, नोटशीट, लेटर पैड, विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित आमंत्रण पत्र आदि के शीर्ष के दाहिने भाग में प्रमुखता से किया जाना है।

अतः आदेशानुसार, समस्त संबंधित शाखा प्रभारी रजत जयंती वर्ष हेतु अनुमोदित प्रतीक चिह्न (Logo) कम्प्यूटर शाखा से प्राप्त कर दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को माननीय अध्यक्ष द्वारा विमोचन उपरान्त आगामी एक वर्ष तक उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आदेश से,

हस्ता०/-

संचालक

छत्तीसगढ़ विधान सभा

पृ. क्रमांक 13978 /वि.स./स्था./2024 रायपुर, दिनांक 12/12 /2024

प्रतिलिपिः-

01. मान. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के सचिव को मान. अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
02. मान. नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के विशेष सहायक को मान. नेता प्रतिपक्ष महोदय के सूचनार्थ।
03. सचिव छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के स्टॉफ ऑफिसर को सचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ व पालनार्थ।
05. सर्वर कक्ष।

12/12/24

प्रशासकीय अधिकारी

छत्तीसगढ़ विधान सभा